# दिनांक 15.07.2026 को अपरान्ह 12:30 से आयोजित जल जीवन मिशन योजना की बैठक का कार्यवृत्तः–


दिनांक 15.07.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की महत्वांकाक्षी योजना जल जीवन मिशन की बैठक जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद के निर्देशानुसार अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आहूत की गयी, जिसके दौरान परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, जलापूर्ति, गुणवत्ता परीक्षण, सड़क पुनर्स्थापन, भूमि सम्बन्धी प्रकरणों तथा अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें अधिकारी / कर्मचारियों की उपस्थिति निम्नवत् रहीः–

1. श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तवा, जिला विकास अधिकारी
2. श्री जयपाल सिंह, अधिशासी अभियन्ता, प्रथम निर्माण खण्ड जल निगम(ग्रामीण)
3. मौ0 आमीर, सहायक अभियन्ता, जल निगम
4. श्री रवि कुमार, अवर अभियन्ता, जल निगम
5. श्री आनन्द कुमार, अवर अभियन्ता जल निगम
6. श्री सुमित कुमार, अवर अभियन्ता जल निगम
7. श्री अंकुर सिंघल, सहायक मैनेजर, एल0सी0
8. श्री ओम प्रकाश, एम0एण्ड0ई0(डी0पी0एम0यू0)
9. श्री प्रवीन कुमार, स्थल प्रबन्धक
10. श्री अनुराग शुक्ला, सी0बी0एण्ड0टी0
11. श्री आशीष कुमार गौड, डी0पी0एम0यू0(डी0सी0)
12. श्री पी0गोविन्द, डी0पी0एम0 / टी0पी0आई0

जनपद–गाजियाबाद।

जनपद में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत कुल 128 परियोजनाओं पर स्वीकृति प्राप्त हुई है, जो विकास खण्डवार निम्न प्रकार हैः–

| क0सं0 | विकास खण्ड का नाम | परियोजनाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | भोजपुर | 36 |
| 2 | मुरादनगर | 28 |
| 3 | रजापुर | 37 |
| 4 | लोनी | 27 |
| योग | | 128 |



बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 148 ग्रामों को पेयजल से आच्छादित करने हेतु 128 नग पेयजल योजना स्वीकृत है, जिनमें से 55 पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण करते हुए उनका सचांलन एवं रखरखाव कर 60 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। अवशेष 73 नग निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के कार्य प्रगति पर है, जिसमें 32 पेयजल योजनाओं में से 36 ग्रामों में सीधे नलकूप के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति भी की जा रही है, जिन योजनाओं में भौतिक प्रगति लगभग 85 प्रतिशत है अथवा निर्माणाधीन हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। जिन ग्राम पंचायातों में परियोजनाओं का संचालन एवं रखरखाव का कार्य पूर्ण हो चुका है। वहॉ--वहॉ जल दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन कराया जाये, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, विशेष मा0 विधायक जी एवं जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। साथ ही **''ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति''** की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाये तथा उसकी कार्यवाही अभिलेखों में संधारित की जाये। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि ग्राम में संचालित परियोजनाओं की अद्यतन सूचना आरोही(बढ़ते) क्रम में विकास खण्डवार एवं ग्राम पंचायतवार(प्रगति पुस्तिका के रूप में) तैयार कर एक सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण))**

मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा टी0सी0एल0(जे0वी0), अहमदाबाद के श्री अंकुश सिंघल, सहायक मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 128 नग नलकूपों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। 110 नग ओवरहेड टैंक का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 18 नग ओवरहेड टैंक निर्माणाधीन हैं। 128 परियोजनाओं में से 55 परियोजनाएं पूर्ण हो गयी है, जिनके द्वारा ग्रामवासियों को जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने की प्रगति की समीक्षा में पूर्व में 756 कि0मी0 के सापेक्ष वर्तमान में 765 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाई गयी है तथा शेष कार्य माह सितम्बर 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। लगभग 88974 पेयजल हाउस कनेक्शन प्रदान किये जा चुके हैं। 15 योजनाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जनपद की सभी परियोजनाओं को संचालित करने के लिए विद्युत कनैक्शन की समुचित व्यवस्था की जाये तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत के रूप में सौलर पैनल का उपयोग किया जाये। साथ ही एल0सी0 इन्फ्रा टी0सी0एल0(जे0वी0), अहमदाबाद के श्री अंकुश सिंघल, सहायक मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि माह जुलाई 2026 में 10 परियोजना एवं माह अगस्त 2026 में 15 परियोजनाओं को पूर्ण कर लिया जायेगा। टी0पी0आई0 को उक्त की जॉच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही– उप महाप्रबन्धक, एल0सी0इन्फा लि0 / टी0पी0आई0)**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर सड़क पुनर्स्थापन का कार्य कराया गया है, उनका पुनः भौतिक सत्यापन कराया जाए। जहॉ भी कार्य अपूर्ण अथवा गुणवत्ताहीन पाया जाए, वहां सम्बन्धित कार्यदायी संस्था / ठेकेदार द्वारा तत्काल सुधारात्मक कार्य कराये। साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में भूमि के सम्बन्ध में विवाद

या समस्या हो तथा सम्बन्धित ग्राम प्रधान/ग्रामवासियों द्वारा कार्य कराये जाने से मना किया जा रहा है, की सूचना तत्काल प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही– टी0पी0आई/डी0पी0एम0)**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी सम्बन्धित विभाग एवं कार्यदायी संस्थाएं लम्बित कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराते हुए अनुपालन आख्या प्रस्तुत करें। सड़क पुनर्स्थापन, जलापूर्ति, जल गुणवत्ता, ट्रायल रन, प्रमाणन एवं पोर्टल अद्यतन से सम्बन्धित कार्यों की नियमित निगरानी की जाए तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित उत्तरदायी संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। साथ ही स्काडा सिस्टम और कार्य स्थल पर लगाये गये सेंसरों की कार्यशीलता सुनिश्चित की जाये। वर्तमान में एल0सी0इन्फ्रा लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि इसका कार्य 79 प्रतिशत हो गया है। निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य को आगामी बैठक में शतप्रतिशत करा लिया जाये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण)/उप महाप्रबन्धक, एल0सी0इन्फ्रा लि0)**

ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक ग्रामों में ओवरहेड टैंक अथवा सीधे ट्यूबवैल के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी प्रदान किये गये।

**(कार्यवाही– उप महाप्रबन्धक, एल0सी0इन्फ्रा लि0)**

समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक में अद्यतन प्रगति पुस्तिका एवं आख्या सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

(कुमार सौरभ)
आई0ए0एस0
मुख्य विकास अधिकारी,
गाजियाबाद।

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद।

पत्रांक 436 /जल जीवन मिशन/2026–27 दिनांक – 23/07/2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद।
2. जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद।
3. अधिशासी अभियन्ता, प्रथम निर्माण खण्ड, जल निगम(ग्रामीण) गाजियाबाद।
4. सभी सम्बन्धित प्रतिभागी अधिकारी/कर्मचारी/संस्था के प्रतिनिधि को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।

मुख्य विकास अधिकारी,
गाजियाबाद।